# अभ्यास प्रश्नपत्र

## सुझावात्मक उत्तर संकेत

द्वितीय सत्र (2021-22)

**कक्षा - 10** **विषय- हिंदी 'अ' (कोड 002)**

**निर्धारित समय - 2 घंटे** **अधिकतम अंक - 40**

**सामान्य निर्देश:-**

1. **अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। वर्णनात्मक प्रश्नों के अंक योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं।**
2. **यदि परीक्षार्थी इन सांकेतिक बिन्दुओं से भिन्न, किन्तु उपयुक्त उत्तर दे तो उसे अंक दिए जाएँ।**
3. **सामान त्रुटियों के लिए स्थान-स्थान पर अंक न काटा जाए।**
4. **गुणवत्तापूर्ण, सटीक उत्तर पर शत प्रतिशत अंक देने में किसी प्रकार का संकोच न किया जाए।**
5. **मूल्यांकन में 0 से 100 प्रतिशत अंकों का पैमाना स्वीकार्य है।**
6. **मूल्यांकन कार्य निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए ।**

| प्रश्न संख्या | खंड 'क'<br>पाठ्य-पुस्तक एवं पूरक पुस्तक | अंक<br>(20) |
|---|---|---|
| **प्रश्न 1.** | **सभी चारों प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 -30 शब्दों में अपेक्षित -**<br>(शब्द सीमा का ध्यान रखते हुए उत्तरों में किन्हीं दो बिन्दुओं का उल्लेख अपेक्षित) | **2x4=8** |
| **(क)** | फ़ादर 'परिमल के सदस्यों से अत्यंत घनिष्ठ एवं पारिवारिक संबंध रखते थे। वे उम्र में बड़े होने के कारण आशीर्वचन कहते, दुखी मन को सांत्वना देते जिससे मन को उसी तरह की शांति और सुकून मिलता जैसे थके हारे यात्री को देवदार की शीतल छाया में मिलता है। इसलिए उनकी उपस्थिति देवदार की छाया-सी लगती है। | |
| **(ख)** | फ़ादर कामिल बुल्के की छवि संकल्प से संन्यासी जैसे व्यक्ति की उभरती है। उनका लंबा शरीर ईसाइयों के सफ़ेद चोंगे में ढँका रहता था। उनका रंग गोरा था तथा चेहरे पर सफ़ेद भूरी दाढ़ी थी। उनकी आँखें नीली थीं। वे इतने मिलनसार थे कि एक बार संबंध बन जाने पर सालों-साल निभाया करते थे। वे पारिवारिक जलसों में पुरोहित या बड़े भाई की तरह उपस्थित होकर आशीर्वादों से भर देते थे, जिससे मन को अद्भुत शांति मिलती थी। उस समय उनकी छवि देवदार के विशाल वृक्ष जैसी होती थी। | |

| | | |
|---|---|---|
| **(ग)** | • नवाब साहब के चिंतन में व्यवधान पड़ा, जिससे उनके चेहरे पर व्यवधान के भाव उभर आए।<br>• नवाब साहब की आँखों में असंतोष का भाव उभर आया।<br>• उन्होंने लेखक से बातचीत करने की पहल नहीं की।<br>• लेखक की ओर देखने के बजाए वे खिड़की से बाहर देखते रहे।<br>• कुछ देर बाद वे डिब्बे की स्थिति को देखने लगे।<br>इन हाव-भावों को देखकर लेखक ने जान लिया कि नवाब साहब उनसे बातचीत करने के इच्छुक नहीं हैं। | |
| **(घ)** | उचित तर्क पर उपयुक्त अंक दिए जाएँ। | |
| **प्रश्न 2.** | **किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 - 30 शब्दों में अपेक्षित -** | **2x3=6** |
| **(क)** | कवि बादलों के माध्यम से क्रांति और बदलाव लाना चाहता है। वह बादलों से गरजने के लिए कहता है। क्योंकि, एक ओर बादलों के गर्जन में उत्साह समाया है तो दूसरी ओर उसका उद्देश्य लोगों में उत्साह का संचार करके क्रांति के लिए तैयार करना है। | |
| **(ख)** | जब तक आसमान में बादलों का आगमन नहीं हुआ था, गरमी अपने चरम सीमा पर थी। इससे लोग बेचैन, परेशान और उदास थे। उन्हें कहीं भी चैन नहीं था। गरमी ने उनका जीना दूभर कर दिया था। उनका मन कहीं भी नहीं लग रहा था। | |
| **(ग)** | फागुन का सौंदर्य अन्य ॠतुओं और महीनों से बढ़कर होता है। इस समय चारों ओर हरियाली छा जाती है। खेतों में कुछ फसलें पकने को तैयार होती हैं। सरसों के पीले फूलों की चादर बिछ जाती है। लताएँ और डालियाँ रंग-बिरंगे फूलों से सज जाती हैं। प्राणियों का मन उल्लासमय हुआ जाता है। ऐसा लगता है कि इस महीने में प्राकृतिक सौंदर्य छलक उठा है। | |
| **(घ)** | उचित तर्क पर उपयुक्त अंक दिए जाएँ। | |
| **प्रश्न 3.** | **किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 - 60 शब्दों में अपेक्षित -** | **3x2=6** |
| **(क)** | शिशु अपनी स्वाभाविक आदत के अनुसार अपनी उम्र के बच्चों के साथ खेलने में रुचि लेता है। उनके साथ खेलना अच्छा लगता है। अपनी उम्र के साथ जिस रुचि से खेलता है वह रुचि बड़ों के साथ नहीं होती है। दूसरा कारण मनोवैज्ञानिक कारण भी है कि बच्चे को अपने साथियों के बीच सिसकने या रोने में हीनता का अनुभव होता है। यही कारण है कि भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना भूल जाता है। | |
| **(ख)** | सरकारी तंत्र में जॉर्ज पंचम की नाक लगाने को लेकर जो चिंता और बदहवासी दिखाई देती है, उससे उनकी गुलाम मानसिकता का बोध होता है। इससे पता चलता है कि वे आज़ाद होकर भी अंग्रेजों के गुलाम हैं। उन्हें अपने उस अतिथि की नाक बहुत मूल्यवान प्रतीत होती है जिसने भारत को गुलाम बनाया और अपमानित किया। वे नहीं चाहते कि वे जॉर्ज पंचम जैसे लोगों के कारनामों को उजागर करके अपनी नाराजगी प्रकट करें। वे उन्हें अब भी सम्मान देकर अपनी | |

| | | |
|---|---|---|
| | गुलामी पर मोहर लगाए रखना चाहते हैं।<br><br>इस पाठ में 'अतिथि देवो भव' की परंपरा पर भी प्रश्नचिह्न लगाया गया है। लेखक कहना चाहता है कि अतिथि का सम्मान करना ठीक है, किंतु वह अपने सम्मान की कीमत पर नहीं होना चाहिए। | |
| (ग) | लेखिका ने महसूस किया कि गंतोक शहर के लोग बहुत ही मेहनती हैं। चाहे पुरुष हो या स्त्री, वे खूब मेहनत करते हैं। दुर्गम पहाड़ियों के बीच उन्होंने सुंदर शहर बनाया है, बसाया है, जिसका प्रमाण है गंतोक शहर की भव्यता। लेखिका उनके श्रम-शक्ति को देखकर मुग्ध थी। | |
| | **खंड - ख**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | **अंक**<br>**(20)** |
| **प्रश्न 4.** | | **(1x5) =5** |
| | **अनुच्छेद लेखन**<br>भूमिका- 1 अंक<br>विषय वस्तु- 3 अंक<br>भाषा - 1 अंक | |
| **प्रश्न 5.** | **पत्र लेखन** | **(1x5)=5** |
| | आरम्भ और अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>विषय वस्तु- 3 अंक<br>भाषा – 1 अंक | |
| **प्रश्न 6.** | **विज्ञापन लेखन** | **2.5x2=5** |
| | विषय वस्तु- 1 अंक<br>प्रस्तुति- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | |
| **प्रश्न 7.** | **संदेश लेखन** | **2.5x2=5** |
| | रचनात्मक प्रस्तुति- 1 अंक<br>विषय वस्तु- 1 अंक<br>भाषा- 1/2 अंक | |